शैक्षिक सत्र–2025–26
विषय–संगीत (गायन)
(कक्षा–9)

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न.पत्र 03 घंटे 15 मिनट का होगा। 30 अंक का प्रोजेक्ट कार्य एवं आन्तरिक मूल्यांकन होगा।

खण्ड–'क' (संगीत विज्ञान) **35 अंक**

इकाई–1 शास्त्रीय शब्दावली की परिभाषा एवं व्याख्या– ध्वनि, नाद, श्रुति, स्वर व स्वर के प्रकार (कोमल विकृत) सप्तक, थाट, राग और राग की जाति (औडव, षाडव, सम्पूर्ण) अलंकार। **20 अंक**

इकाई–2 पारिभाषिक शब्द– आरोह, अवरोह, पकड़, सम ताली, खाली, विभाग, लय, मात्रा, ताल, वादी स्वर, वर्जित, विवादी। **15 अंक**

खण्ड–'ख' (संगीत का इतिहास और रागों का अध्ययन) **35 अंक**

इकाई–3 संगीत की परिभाषा व प्रकार का विस्तार से वर्णन। **05 अंक**

इकाई–4 पाठ्यक्रम के सभी रागों का आरोह, अवरोह, पकड़ सहित स्वर विस्तार एवं अलंकारों के माध्यम से रागों की बढ़त। **05 अंक**

इकाई–5 (1) राग यमन तथा खमाज का विस्तृत अध्ययन (प्रत्येक में एक–एक गीत के साथ तीन आलाप और कम से कम चार ताने गाने की योग्यता। **05 अंक**

(2) राग बिलावल और आसावरी तथा काफी का परिचय एवं प्रत्येक का गीत स्वरलिपि सहित लिखने की योग्यता। **05 अंक**

इकाई–6 पाठ्यक्रम में निर्धारित तालों का परिचय, ठेका व दुगुन (दादरा, कहरवा, झपताल, तीनताल) लिखने की योग्यता। **05 अंक**

इकाई–7 पाठ्यक्रम के किन्ही दो रागों में सरगम गीत तथा लक्षण गीत सिखाया जाना चाहिए। स्वर समूहों के छोटे–छोटे टुकड़ों के आधार पर राग पहचानने की योग्यता। **05 अंक**

इकाई–8 अमीर खुसरो एवं भतखण्डे का जीवन परिचय। **05 अंक**

नोट :–उपर्युक्त निर्धारित रागों एवं तालों पर आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा ली जायेगी जो 10 अंकों की होगी तथा 10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिये निर्धारित है जिसका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

प्रोजेक्ट कार्य

नोट :–निम्नलिखित में से कोई दो प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं।

1–सप्तक के तीन प्रकार, प्रत्येक सप्तक के स्वर चिन्ह तथा एक सप्तक की दूसरे सप्तक से ऊँचाई अथवा निचाई को स्वरों की आन्दोलन संख्याओं के माध्यम से प्रदर्शित कीजिये।

2–हिन्दुस्तानी संगीत के दस थाटों के नाम तथा प्रत्येक थाट के स्वरों को तालिकाबद्ध कीजिये।

3–चार प्राचीन संगीत वाद्ययंत्रों के विषय में लिखिए तथा उनके चित्र भी चिपकाइये।

4–चार आधुनिक वाद्य यन्त्रों के विषय में लिखिये तथा उनके चित्र भी चिपकाइये।

5–एक चार्ट पेपर पर तानपुरे का चित्रण कीजिये तथा उनके अंगों का उल्लेख करते हुये उन्हे अपनी स्क्रैप बुक में चिपकाये।

6–श्री विष्णु नारायण भातखण्डे द्वारा रचित संगीत पुस्तकों की एक सूची तैयार कीजिये।

7–स्वरों के शुद्ध एवं विकृत प्रकारों को चार्ट पेपर पर अंकित कीजिये।

8–चार प्रमुख भारतीय नृत्य शैलियों के नाम, चित्र एवं उनसे सम्बन्धित शीर्ष कलाकारों के नाम स्क्रैप बुक में अंकित कीजिये।

9–एक चार्ट पेपर पर तबले का चित्र बनाइये तथा अंगों के नाम दर्शाइये।

10–गायन से सम्बन्धित कुछ नवीन कलाकारों के नाम एकत्र कीजिये।

शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन– **30 अंक**

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन – (प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य)	अगस्त माह	10 अंक
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन – (प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य)	दिसम्बर माह	10 अंक
3–तृतीय आन्तरिक मूल्यांकन–(चार यूनिट टेस्ट आधारित)		10 अंक

(i)	प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित)	जुलाई द्वितीय सप्ताह	20 अंक
		(10 अंक ग्रीष्मावकाश गृहकार्य + 10 अंक यूनिट टेस्ट)	
(ii)	द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित)	अगस्त अन्तिम सप्ताह	20 अंक
(iii)	तृतीय यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित)	नवम्बर अन्तिम सप्ताह	20 अंक
(iv)	चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित)	दिसम्बर अन्तिम सप्ताह	20 अंक

नोटः–चारों यूनिट टेस्ट के प्राप्तांकों के योग को 10 अंक में परिवर्तित किया जाय।